अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**06 SEP. 2023**

USEFUL FOR

# IAS | PCS
## & other civil services exams



**Sunil Lawania**
(Managing Director)


FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **वी. एल. कांथा राव ने खान मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला**



- वी.एल. कांथा राव ने खान मंत्रालय के नए सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया है।
- वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के अधिकारी हैं।
- राव ने श्री विवेक भारद्वाज आईएएस (1989 बैच) से खान सचिव का प्रभार लिया है।
- इससे पहले, वह दूरसंचार मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे, इस पद पर उन्होंने आत्मनिर्भर भारत में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- उन्होंने डिजिटल संचार नीति, नियामक सिफारिशों, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और सार्वभौमिक कनेक्टिविटी के तहत पहल के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

2. **अमित शाह ने 'मेरी माटी-मेरा देश' के तहत "अमृत कलश यात्रा" की शुरुआत की**



- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा की शुरुआत की है।
- इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जोड़ना है।
- अमृतकाल और "संकल्प से सिद्धि" पहल 15 अगस्त, 2047 तक भारत को विश्व स्तर पर हर क्षेत्र में सबसे आगे खड़ा कर देगी।
- इस कार्यक्रम के पीछे विचार यह है कि प्रत्येक व्यक्ति, परिवार, नागरिक और बच्चा महान भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जुड़ें।
- 1-30 सितंबर तक, प्रत्येक घर, वार्ड और गांव एक बर्तन में 'मिट्टी' या अनाज इकट्ठा करेंगे, इसके बाद 1-13 अक्टूबर तक ब्लॉक में और बाद में 22-27 अक्टूबर तक राज्य स्तर पर, और अंत में, 28-30 अक्टूबर के बीच ये 7,500 बर्तन देश की राजधानी नई दिल्ली पहुंच जाएंगे.

3. **केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'शिक्षकों और उद्यमियों' को सशक्त बनाने के लिए मेटा के साथ समझौता किया**




- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और मेटा के बीच 3 साल की साझेदारी पर हस्ताक्षर किये गए.
- इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की पीढ़ी को सशक्त बनाना है.
- इसके तहत मेटा और एनआईईएसबीयूडी (NIESBUD), एआईसीटीई और सीबीएसई के बीच 3 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए.

4. **लोकेश सूजी को इंटरनेशनल ईस्पोर्ट्स फेडरेशन के सदस्य के रूप में चुना गया**




- इंटरनेशनल ईस्पोर्ट्स फेडरेशन (आईईएसएफ) की जनरल बॉडी ने ईस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) के निदेशक और एशियन ईस्पोर्ट्स फेडरेशन (एईएसएफ) के

उपाध्यक्ष लोकेश सूजी को तीन साल के कार्यकाल के लिए अपनी सदस्यता समिति के लिए चुना है.


- इंटरनेशनल ईस्पोर्ट्स फेडरेशन की स्थापना 2008 में की गयी थी, इसका उद्देश्य ईस्पोर्ट्स को बढ़ावा देना है.

**5. भारत के पहले AI-संचालित एंटी-ड्रोन सिस्टम को इंद्रजाल नाम दिया गया**



- हैदराबाद स्थित एक रोबोटिक्स फर्म (ग्रेने रोबोटिक्स) ने AI संचालित एक अत्याधुनिक एंटी-ड्रोन प्रणाली का अनावरण किया है जिसे इंद्रजाल (Indrajaal) नाम दिया गया है.
- यह सिस्टम न केवल परमाणु प्रतिष्ठानों, तेल क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रक्षा कर सकता है, बल्कि किसी भी प्रकार के ड्रोन से पूरे शहर की भी रक्षा कर सकता है.
- इंद्रजाल को 4,000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में सभी प्रकार के ड्रोन से बचाव के लिए डिज़ाइन किया गया है.

**6. मनोज सिन्हा ने जम्मू विश्वविद्यालय में अपनी तरह के पहले सामुदायिक रेडियो का उद्घाटन किया**



- जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू विश्वविद्यालय के 54वें स्थापना दिवस पर केंद्र शासित प्रदेश में अपनी तरह के पहले सामुदायिक रेडियो का उद्घाटन किया.
- गौरतलब है कि जम्मू विश्वविद्यालय को यूटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन के लिए यूजीसी द्वारा नोडल विश्वविद्यालय घोषित किया गया है.

**7. टीचर्स डे पर देश के 75 शिक्षकों को राष्ट्रपति सम्मान**



- टीचर्स डे पर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर के 75 शिक्षकों को सम्मानित किया।
- टीचर्स डे के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर के 75 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड-2023 से सम्मानित किया।
- दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को पुरस्कार में 50 हजार रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल दिया गया।
- शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार के बारे में:
- शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देश भर से चुने गए कुछ बेहतरीन शिक्षकों की अनूठी पहल और योगदान का जश्न मनाने के लिए है।

**8. भारत में 1901 के बाद अगस्त सबसे गर्म रहा**



- 4 सितंबर को दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। यह पिछले 85 सालों में सबसे ज्यादा है।
- सितंबर का महीना शुरू हो गया है, लेकिन देश के लोगों को अभी भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही।
- इसकी बड़ी वजह सामान्य से कम बारिश होना है।
- मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 4 सितंबर तक देश में सामान्य से 11% कम बारिश हुई।
- इसीलिए इस बार अगस्त में एक सदी से भी ज्यादा समय यानी साल 1901 के बाद सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया।

**9. गैबॉन के सैन्य नेता ब्रिस ओलिगुई न्गुएमा ने देश के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली**



- गैबॉन के सैन्य नेता ब्रिस ओलिगुई न्गुएमा (Brice Oligui Nguema) ने देश के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है.
- हाल ही में गैबॉन के जनरल न्गुएमा के नेतृत्व में सैन्य अधिकारियों ने गैबॉन के राष्ट्रपति अली बोंगो को पद से हटाकर सत्ता पर कब्ज़ा कर लिया था.
- गैबॉन, अटलांटिक तट के किनारे स्थित एक मध्य अफ़्रीकी देश है. इसकी राजधानी 'लिब्रेविल' है.

**10. भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समझौता किया**



- भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में तेजी लाने के लिए भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (IREDA) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1987 में भारत सरकार के तहत एक मिनी रत्न कंपनी के रूप में की गयी थी.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. खान मंत्रालय के नए सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) गणेशन कन्नाबीरन
(b) नीरज अखौरी
(c) पार्थ जिंदल
(d) वी.एल. कांथा राव

**2. नई दिल्ली में 'मेरी माटी–मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा की शुरुआत किसने की है?**
(a) अनुराग ठाकुर
(b) पीयूष गोयल
(c) अमित शाह
(d) सुरेश प्रभु

**3. केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'शिक्षकों और उद्यमियों' को सशक्त बनाने के लिए किसके साथ समझौता किया है?**
(a) मेटा
(b) गूगल
(c) माइक्रोसॉफ्ट
(d) टेक महेंद्रा

**4. इंटरनेशनल ईस्पोर्ट्स फेडरेशन के सदस्य के रूप में किस भारतीय को चुना गया है?**
(a) लोकेश सूजी
(b) कपिल देव
(c) अभिषेक सिन्हा
(d) अभिनव बिंद्रा

**5. भारत के पहले AI-संचालित एंटी-ड्रोन सिस्टम को क्या नाम दिया गया है?**
(a) प्रखर
(b) चेतक
(c) इंद्रजाल
(d) गगनयान

**6. जम्मू विश्वविद्यालय में अपनी तरह के पहले सामुदायिक रेडियो का उद्घाटन किसने किया?**
(a) अमित शाह
(b) मनोज सिन्हा
(c) स्मृति ईरानी
(d) अनुराग ठाकुर

**7. टीचर्स डे के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर के कितने शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड-2023 से सम्मानित किया?**
(a) 65
(b) 70
(c) 75
(d) 78

**8. भारत में किस वर्ष के बाद अगस्त माह सबसे गर्म रहा है?**
(a) 2012
(b) 1901
(c) 1998
(d) 2001

**9. ब्रिस ओलिगुई न्गुएमा ने किस देश के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है?**
(a) केन्या
(b) ब्राजील
(c) मंगोलिया
(d) गैबॉन

**10. भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए किस बैंक के साथ समझौता किया है?**
(a) स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया
(b) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
(c) पंजाब नेशनल बैंक
(d) बंधन बैंक

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (a) | (a) | (c) | (b) | (c) | (b) | (d) | (b) |